
• हाईकोर्ट...

## पीड़िता की पहचान गुप्त रखने के आदेश

**शिमला :** प्रदेश हाईकोर्ट ने पीड़िता की पहचान गुप्त रखने के लिए जिला अदालतों को को निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने इन अदालतों को पॉक्सो अधिनियम के प्राबधानो की पूर्णत: अनुपालना सुनिश्चित करने को कहा है। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान व न्यायाधीश सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने पोक्सो से जुड़े मामले का निपटारा करते हुए कहा कि मौजूदा मामले में ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड पर ऐसा कोई भी तथ्य नहीं है जो यह दर्शाता हो कि अधिनियम की धारा 36 के तहत स्क्रीनिंग की प्रक्रिया का पालन पीड़िता का साक्ष्य दर्ज करवाने के समय किया गया हो। कोर्ट ने रिकॉर्ड के अवलोकन के बाद पाया कि मुकदमे के दौरान पीड़िता, उसकी बहनों, मां के साथ-साथ उसके गांव और स्कूल के नाम का खुलासा किया गया है जो की वैधानिक जनादेश का उल्लंघन है। इसलिए कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश की सभी विशेष अदालतों को पॉक्सो अधिनियम के तहत यह सुनिश्चित करने के लिए सभी




उपाय करने का निर्देश दिया है। उक्त अधिनियम की धारा 36 के तहत पीड़ित बच्चे को इस तरह से साक्ष्य देने की अनुमति देती है कि वह साक्ष्य दर्ज करते समय आरोपी के संपर्क में न आए और ऐसे बच्चे को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से या एकल दृश्यता दर्पण या पर्दे का उपयोग करके बयान दर्ज करने की अनुमति देती है। अधिनियम की धारा 37 में कहा गया है कि मामलों की सुनवाई पीड़ित बच्चे के माता-पिता या किसी अन्य व्यक्ति की उपस्थिति में बंद कमरे में की जाएगी, जिस पर बच्चे को भरोसा है। कोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को इस फैसले की एक प्रति हिमाचल प्रदेश की सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के साथ-साथ विशेष अदालतों (पॉक्सो) को भेजने का निर्देश दिया है। ताकि पॉक्सो अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों का प्रभावी कार्यान्वयन किया जाए। इस आदेश की एक प्रति सदस्य सचिव, हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी को भी व्यापक विचार-विमर्श के लिए भेजने को कहा गया है।

• उपचुनाव..

# होशियार सिंह के सिर चढ़कर बोल रहा पैसे का गुरूर


● **मनोज ठाकुर/देहरा**

सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने देहरा विधानसभा क्षेत्र के त्रिपल, दरकाटा, डोहग पलोटी, नौशहरा, पाईसा, सियोटी खुर्द, मयोली, बनखंडी, शेर लोहारा और घेड़ मानगढ़ में नुक्कड़ सभाएं की। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी और अपनी धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर के लिए देहरा में धुआंधार प्रचार किया।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि देहरा की समस्याओं का समाधान अब मेरा दायित्व है क्योंकि देहरा अब मुख्यमंत्री का चुनाव क्षेत्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण वह अभी कोई घोषणा नहीं करेंगे, लेकिन आने वाले समय में देहरा की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता आए दिन तरह तरह के बयान दे रहे हैं, जबकि यह उपचुनाव प्रदेश की जनता पर भाजपा ने ही थोपे हैं। निर्दलीय विधायकों और कांग्रेस के छह विधायकों ने भाजपा के साथ मिलकर चुनी हुई कांग्रेस सरकार को गिराने का षड्यंत्र रचा। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और अन्य भाजपा नेता बार-बार चार जून को हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने का दावा करते रहे, लेकिन पिछले उपचुनाव में प्रदेश की जनता ने बिकने वाले विधायकों को कड़ा सबक़ सिखाया है और विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों की संख्या 34 से बढ़कर 38 हो गई है।

सीएम ने कहा कि कोई भी निर्दलीय विधायक ऐसे ही अपना विधायक पद नहीं छोड़ता। पैसे का गुरूर होशियार सिंह के सिर चढ़कर बोल रहा है। भाजपा के साथ हुई डील के चलते पूर्व विधायक होशियार सिंह ने इस्तीफ़ा दिया और डील की दूसरी किश्त प्राप्त करने के लिए इस्तीफ़ा मंज़ूर करने का दबाव बनाया। भारत के इतिहास में पहली बार कोई निर्दलीय विधायक अपना इस्तीफा स्वीकार करने के लिए धरने पर बैठा और हाई कोर्ट का दरवाज़ा भी खटखटाया। उन्होंने कहा कि दूसरी केस के धन पर सरकार की पूरी नजर है। उन्होंने कहा कि बिके हुए विधायक पैसा लेकर वोट ख़रीदने के लिए आएंगे, जनता उनसे डबल धन ले लेकिन वोट कांग्रेस के पक्ष में ही डालें क्योंकि यह आपका ही पैसा है। उन्होंने कहा कि निर्दलीय विधायक के तौर पर अपना पद छोड़ने के बाद अब साढ़े तीन साल के लिए दोबारा विधायक बनने को वोट मांगने के लिए आ रहे हैं। धन के अहंकार में आकर उन्होंने अपना विधायक पद को छोड़ा है क्योंकि उन्हें लगता है कि देहरा की जनता मेरी जेब में है। उन्होंने कहा कि होशियार सिंह को टिकट देने से भाजपा के ईमानदार कार्यकर्ता भी नाराज हैं।

सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि एक विधायक को अपने क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिवर्ष दो करोड़ रुपए की धनराशि मिलती है और छह वर्षों में होशियार सिंह को 12 करोड़ रुपए मिले। लेकिन उन्होंने यह पैसा जनता के विकास पर न खर्च कर अपना रिजॉर्ट बनाने में लगाया। वह स्वयं कहते हैं कि उनका हर महीने का खर्चा 15 करोड़ है, अगर ऐसा है तो देहरा विधानसभा क्षेत्र अब तक पिछड़ा हुआ क्यों है। उन्होंने कहा कि देहरा की जनता अपने स्वाभिमान से कभी भी समझौता नहीं करेगी और राजनीतिक मंडी में बेचने वालों को सबक सिखाएगी।



**सीएम ने कहा कि हरिपुर में नए बस अड्डे को पूरा करने के लिए वर्तमान राज्य सरकार ने धन उपलब्ध करवाया तथा क्षेत्र की अन्य समस्याओं का समाधान करने के लिए भी अन्य विकास परियोजनाओं को गति प्रदान की।**

**होशियार सिंह के आरोपों को नकारते हुए ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि अगर वर्तमान सरकार में उनके काम नहीं हो रहे थे तो वे भाजपा के साथ बैठ जाते लेकिन उप चुनाव का खर्च जनता पर थोपने की क्या आवश्यकता थी...**

सीएम ने कहा कि हरिपुर में नए बस अड्डे को पूरा करने के लिए वर्तमान राज्य सरकार ने धन उपलब्ध करवाया तथा क्षेत्र की अन्य समस्याओं का समाधान करने के लिए भी अन्य विकास परियोजनाओं को गति प्रदान की। होशियार सिंह के आरोपों को नकारते हुए ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि अगर वर्तमान सरकार में उनके काम नहीं हो रहे थे तो वे भाजपा के साथ बैठ जाते लेकिन उप चुनाव का खर्च जनता पर थोपने की क्या आवश्यकता थी। उन्होंने पूछा कि ऐसा क्या हुआ कि 14 महीने में ही उन्हें अपना इस्तीफा दे दिया और अब साढ़े तीन साल का विधायक बनने के लिए फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र की 1046 महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि के अंतर्गत पंद्रह सौ रुपये की आर्थिक सहायता की तीसरी किस्त भी प्राप्त हो गई है तथा अब उन्हें 4500-4500 रुपए प्राप्त हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार देहरा के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। देहरा में पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा एसई पीडब्ल्यूडी का कार्यालय खोला जा रहा है और यहां की समस्याओं का अगले साढ़े तीन वर्षों में समाधान किया जाएगा। राज्य सरकार देहरा के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं रखेगी। उन्होंने कहा कि देहरा के बनखंडी में 650 करोड़ रुपये की लागत से एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का ज़ू बनाया जा रहा है जिसमें दो हजार स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के 1 लाख 36 हजार सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की है, मनरेगा के दिहाड़ी 240 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये की गई है। विधवाओं को घर बनाने के लिए तीन लाख रुपए की आर्थिक सहायता के साथ-साथ उनके 27 वर्ष तक के बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान करने का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। इसके साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को राज्य सरकार 25 लाख तक का इलाज भी निशुल्क प्रदान कर रही है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए गाय का दूध 45 रुपए प्रति लीटर जबकि भैंस का दूध 55 रुपए प्रति लीटर की दर से खरीदा जा रहा है। प्राकृतिक खेती से पैदा होने वाले गेहूं को राज्य सरकार 40 रुपए प्रति किलो तथा मक्की को 30 रुपए प्रति किलो की दर से खरीद रही है। साथ ही बेसहारा पशुओं के किसानों को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए बाड़बंदी के लिए भी राज्य सरकार ने 50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

## 150 पदों के लिए इंटरव्यू


**शिमला :** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी शिमला सीमा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय शिमला द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर सिक्योरिटी के 150 पदों के लिए 08 से 12 जुलाई, 2024 तक कैम्पस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि एसआईएस इंडिया लिमिटिड वीपीओ झबोला तहसील झंडूता जिला बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर सिक्योरिटी के 150 पदों के लिए 08 जुलाई को उप रोजगार कार्यालय ठियोग, 09 जुलाई को उप रोजगार कार्यालय कुमारसैन, 10 जुलाई को उप रोजगार कार्यालय सुन्नी, 11 जुलाई को उप रोजगार कार्यालय मशोबरा और 12 जुलाई को उप रोजगार कार्यालय रामपुर में प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता 10वीं या इससे अधिक होनी चाहिए। आयु वर्ग 19 से 40 वर्ष के मध्य, वजन 54 से 95 किलो ग्राम तथा लम्बाई 168 सेंमी या उससे अधिक होनी चाहिए। इच्छुक उम्मीदवार जो इस पद से संबंधित योग्यता रखते हो, इन पदो के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक/आवेदिका का नाम रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकृत होना अनिवार्य है। जिन आवेदनकर्ता का नाम पंजीकृत नहीं है, वह संबंधित साईट पर जाकर घर बैठे कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों व रिज्यूम सहित 08, 09, 10, 11 और 12 जुलाई को उक्त स्थानों पर प्रात: 11 बजे पहुंचना सुनिश्चित करें।

अधिक जानकारी के लिए 85580-62252 व 80911-03457 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

• आफत...

## पुंघ-नौलखा बाईपास धंसा



**सुंदरनगर :** मंडी-चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाईवे पर पंडोह कैंची मोड पर डंगा बैठने की घटना को महज अभी 2 दिन ही हुए हैं इसके बाद अब सुंदरनगर में पुंघ-नौलखा बाईपास भी धंस गया है। इसे जून माह के मध्य में यातायात के लिए शुरू किया गया था। लेकिन अब यह विभिन्न स्थानों पर धंस गया है। जिसके कारण उसकी एक लेन को यातायात के पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। बाईपास के शुरू होने के दो सप्ताह के भीतर है इस धंस जाने से निर्माण करने वाली कंपनी सवालों के घेरे में आ गई है। बाईपास की कुल्लू की ओर जाने वाली लेन अनेक स्थानों पर धंसने की सूचना है। पुंघ के पास से धंसी हुई सड़क को मशीनों के माध्यम से टयरिंग उखाड़ने का कार्य भी शुरू हो गया है। बाईपास पर अब केवल कुल्लू से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों को ही जाने दिया जा रहा है जबकि दूसरी लेन से आने वाले वाहनों को पुराने सुंदरनगर हाईवे की ओर डायवर्ट कर दिया गया है। कुछ दिनों में बाईपास के धंसने से इसके निर्माण को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

• कुल्लू में बारिश...

**कुल्लू : जिला में भी मानसून ने दस्तक दी है ऐसे में कुल्लू जिला भर में झमाझम बारिश होने से लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली है, ऐसे में बारिश होने के बाद मौसम सुहावना हुआ है वही बारिश किसानों, बागवानों की फसलों को भी संजीवनी मिली है। लोगों की माने तो लंबे समय के बाद हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। बीते दिन गर्मी के चलते तापमान 30 से 40 डिग्री पहुंच गया था ऐसे में अब मानसून की शुरुआत हुई है।**